हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री


4 राजस्व प्रकरणों की जवाबदेही एसडीएम-तहसीलदारों पर





## खबर संक्षेप

### सेवा सेतु पोर्टल से एक दिन में मिला आय प्रमाण पत्र

**बैकुण्ठपुर।** शासन की डिजिटल पहल सेवा सेतु पोर्टल आम नागरिकों को त्वरित, सरल और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने में प्रभावी साबित हो रही है। जिला कोरिया के निवासी केवल साय इसका एक प्रेरक उदाहरण हैं। केवल साय ने 9 जुलाई 2026 को सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से आय प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया। उनके आवेदन का निराकरण मात्र एक दिन में करते हुए 10 जुलाई 2026 को आय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। केवल साय ने बताया कि पहले ऐसे कार्यों के लिए कई बार कार्यालय जाना पड़ता था, जिससे समय और श्रम दोनों खर्च होते थे।

### जनदर्शन में गूंजीं आमजन की समस्याएं

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संतन देवी जांगड़े के मार्गदर्शन में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनदर्शन के दौरान कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक की शिकायत को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी प्रकरणों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

### शिकायतों के समयबद्ध निराकरण के दिए निर्देश

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की महत्वपूर्ण बैठक में जिले के सभी विभागों के कार्यों, जनहितकारी योजनाओं, लंबित प्रकरणों एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकिता सोम, अपर कलेक्टर नम्रता डोंगरे, अनिल कुमार सिदार, समस्त एसडीएम, समस्त जनपद सीईओ, समस्त तहसीलदार सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे तथा सभी विभाग लंबित प्रकरणों के निराकरण में गंभीरता बरतें। उन्होंने अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने और प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आरटीआई पोर्टल की समीक्षा करते हुए जिन विभागों के अधिकारी अभी तक पोर्टल पर ऑनबोर्ड नहीं हुए हैं, उन्हें ऑनबोर्ड होने के निर्देश दिए।

### अपशिष्ट प्रबंधन को मिली रफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** छोटे-छोटे प्रयास जब जनभागीदारी से जुड़ते हैं, तो उनका असर बड़े बदलाव के रूप में सामने आता है। कोरिया जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत कलेक्टर रोक्तिसमा यादव के निर्देशन में केवल दो माह के भीतर 462 सामुदायिक सोखता (सोख्ता गड्ढों) का निर्माण कर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और जल संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय पहल की गई है। इस अभियान से सार्वजनिक जलस्त्रोतों के आसपास जलभराव, गंदगी और प्रदूषण की समस्या में प्रभावी कमी आई है। जिले की ग्राम पंचायतों में हैंडपंप, सार्वजनिक नल-जल योजना एवं अन्य सामुदायिक पेयजल स्त्रोतों के समीप इन सोख्ता संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इनके माध्यम से उपयोग के बाद निकलने वाले ग्रे-वॉटर का वैज्ञानिक प्रबंधन सुनिश्चित हो रहा है, इससे न केवल जलभराव की समस्या कम हुई है, बल्कि भू-जल पुर्नभरण को भी बढ़ावा मिला है। साथ ही जलजनित बीमारियों की रोकथाम और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में भी यह पहल कारगर साबित हो रही है। कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की छोटी-छोटी संरचनाएं ग्रामीण जीवन में बड़ा बदलाव लाएगी।

### गड्ढों से बढ़ा हादसों का खतरा, विभाग बेपरवाह

# करोड़ों की लागत से बने गेज नदी पुल का एप्रोच बदहाल



गड्ढों वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

शहर की जीवनदायिनी गेज नदी पर करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित उच्च स्तरीय पुल का एप्रोच मार्ग बदहाल हो गया है।

पुल के दूसरे छोर पर बने गड्ढे लगातार बड़े होते जा रहे हैं, जिससे वाहन चालकों को पुल पार करते ही खराब सड़क का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि हर दिन हजारों छोटे-बड़े वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन संबंधित विभाग अब तक स्थायी मरम्मत नहीं करा सका है। स्थानीय लोगों के अनुसार पुल बनने के बाद पहली ही बरसात में एप्रोच मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था। उस समय मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई, जिसके चलते कुछ ही समय बाद उसी स्थान पर फिर गड्ढे बन गए। लगातार बारिश के कारण अब इनकी स्थिति और खराब हो गई है। पुल के दूसरे छोर पर बने गड्ढों से गुजरते समय वाहनों को तेज झटके लगते हैं। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है, जिनके लिए यहां दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

रात के समय और बारिश के दौरान यह खतरा और बढ़ जाता है। स्थानीय नागरिकों ने लोक निर्माण विभाग से एप्रोच मार्ग की तत्काल और स्थायी मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते गड्ढों की मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। करोड़ों रुपये की लागत से बने इस महत्वपूर्ण पुल की उपयोगिता तभी बनी रहेगी, जब उसके एप्रोच मार्ग को भी सुरक्षित और सुगम बनाया जाएगा।

## दो किलोमीटर सड़क गड्ढों में तब्दील



जिले में पटना बायपास बनने के बाद पुराना एनएच-43 संबंधित विभाग की प्राथमिकता से बाहर हो गया है। पिछले वर्ष बरसात में क्षतिग्रस्त हुई यह सड़क आज तक दुरुस्त नहीं हो सकी है। करीब दो किलोमीटर लंबा हिस्सा बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुका है, जिससे सड़क पर चलना भी मुश्किल हो गया है। बरसात के दिनों में हालात और भी बदतर हो गए हैं। गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क की स्थिति का अंदाजा नहीं लग पाता और आए दिन दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, विभाग ने खानापूर्ति करते हुए कुछ स्थानों पर मिट्टी और गिट्टी मिश्रित सामग्री डालकर गड्ढे भरने का प्रयास किया था, लेकिन पहली ही बारिश में वह बह गई और सड़क फिर पहले जैसी हो गई। इसके बाद से विभाग ने कोई स्थायी मरम्मत नहीं कराई, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। सड़क की बदहाली का एक बड़ा कारण जल निकासी की व्यवस्था का अभाव भी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत नहीं कराई गई और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो मजबूर होकर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। लोगों ने लोक निर्माण विभाग से तत्काल सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

# पागल कुत्ते ने युवती और गाय पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

■ नपाध्यक्ष-पार्षद की त्वरित पहल से टला बड़ा खतरा

नगर पालिका क्षेत्र के कचहरीपारा वार्ड में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के पास सोमवार को एक पागल कुत्ते ने अचानक आतंक मचा दिया। कुत्ते ने पहले स्कूटी से गुजर रही एक युवती पर हमला कर उसे काट लिया, इसके बाद एक गाय को भी अपना शिकार बना लिया।

घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई और लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही वार्डवासियों ने तत्काल नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शैलेष शिवहरे एवं वार्ड पार्षद धीरज शिवहरे को जानकारी दी। दोनों जनप्रतिनिधियों की त्वरित पहल पर मंगलवार को नगर पालिका की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद पागल कुत्ते को पकड़ लिया। रेस्क्यू टीम ने कुत्ते को आवश्यक उपचार के तहत रेबीज का इंजेक्शन लगाया और उसे सुरक्षित स्थान पर ले गई। समय रहते कार्रवाई होने से क्षेत्र में किसी बड़ी अनहोनी की आशंका टल गई। कुत्ते के पकड़े जाने के बाद कचहरीपारा वार्ड के लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए मांग की कि शहर में आवारा एवं आक्रामक कुत्तों पर नियमित अभियान चलाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो।



पागल कुत्ते का किया गया रेस्क्यू।

# आईसी मार्ट मामले में व्यापारियों ने अब एसपी से की मुलाकात



**बैकुण्ठपुर।** शहर के आईसी मार्ट प्रकरण को लेकर बैकुंठपुर के काफी संख्या में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल कोरिया पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा।

यहां व्यापारियों के समूह ने पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर से मुलाकात कर आईसी मार्ट परिवार की महिलाओं को थाने में बैठाए जाने पर आपत्ति जताई। व्यापारियों ने एसपी से कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। संबंधित परिवार की महिलाओं और अन्य निर्दोष सदस्यों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाए। उन्होंने निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए परिवार के सदस्यों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने का आग्रह किया। व्यापारियों के समूह ने पुलिस प्रशासन से कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई करने और निर्दोष लोगों को ▶▶ शेष पेज 4 पर

## हाथी का आतंकः बाइक सवार पर किया हमला

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर वन परिक्षेत्र में जंगली हाथियों की लगातार बढ़ती सक्रियता से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। आज कनकनगर–चिटकाबहरा मार्ग पर एक हाथी ने अचानक बाइक सवार युवक पर हमला कर दिया। युवक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बाइक छोड़कर भागकर अपनी जान बचा ली, जबकि गुस्साए हाथी ने बाइक को सूंड और पैरों से पटक-पटक कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक कनक नगर से चिटका बहरा की ओर जा रहा था। इसी दौरान सड़क किनारे मौजूद हाथी अचानक आक्रामक हो गया और तेज़ी से उसकी ओर दौड़ पड़ा। युवक ने खतरे को भांपते हुए तत्काल बाइक छोड़ दी और सुरक्षित स्थान की ओर भाग निकला। कुछ देर तक हाथी सड़क पर उत्पात मचाता रहा, जिससे मार्ग पर आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा और लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कई दिनों से हाथियों की आवाजाही लगातार बनी हुई है।

# रेल सुविधाओं से कब तक उपेक्षित रहेगा मनेन्द्रगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

■ चिरमिरी से प्रतिदिन हजारों टन कोयला देश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचता है

देश के ऊर्जा मानचित्र में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले चिरमिरी और मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र से प्रतिदिन हजारों टन कोयला देश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचता है।

यहां की खदानों ने दशकों से देश के उद्योगों और बिजलीघरों को ऊर्जा देने में अहम भूमिका निभाई है, लेकिन विडंबना यह है कि जिस क्षेत्र ने देश को ऊर्जा देने में इतना बड़ा योगदान दिया, वहीं के लोग आज भी बेहतर रेल सुविधाओं के लिए वर्षों से इंतजार कर रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस को लेकर उठता रहा है। यह ट्रेन वर्तमान में सप्ताह में केवल तीन दिन संचालित होती है। लंबे समय से क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और यात्री इसे प्रतिदिन चलाने की मांग करते आ रहे हैं, इसके बावजूद रेलवे प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। ऐसे में लोगों के मन में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इस ट्रेन को रोजाना चलाने में रेलवे को क्या आपत्ति है। चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, खोंगापानी और आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा और व्यापार के लिए रीवा, सतना, प्रयागराज और मध्यप्रदेश के अन्य शहरों की यात्रा करते हैं। ट्रेन सप्ताह में सीमित दिनों तक चलने के कारण यात्रियों को या तो लंबा इंतजार करना पड़ता है या फिर महंगे निजी साधनों का सहारा लेना पड़ता है। इसी तरह चिरमिरी-बिलासपुर ट्रेन को लेकर भी वर्षों से मांग उठ रही है कि इसे नागपुर तक विस्तारित किया जाए। यदि इस ट्रेन का विस्तार नागपुर तक किया जाता है तो छग के उत्तर क्षेत्र के लोगों को महाराष्ट्र तक सीधी रेल सुविधा मिल सकेगी। इससे मरीजों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों को काफी राहत मिलेगी।

नागपुर देश का एक प्रमुख रेलवे जंक्शन और चिकित्सा केन्द्र हैं, जहां प्रतिदिन काफी संख्या में लोग इलाज और अन्य कार्यों से जाते हैं। इसके बावजूद रेलवे प्रशासन इस मांग पर गंभीरता से विचार करता दिखाई नहीं देता। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जब यहां से देश को करोड़ों रूपए का राजस्व देने वाला कोयला निरंतर रेल मार्ग से भेजा जा सकता है, तो यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ ▶▶ शेष पेज 4 पर



# अंतरजिला रात्रिकालीन फुटबॉल टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोमनहिल

डोमनहिल स्थित अमर कुंज क्रीड़ांगन में चिरमिरी फुटबॉल संघ की मेजबानी में आयोजित अंतरजिला रात्रिकालीन फुटबॉल टूर्नामेंट के आठवें दिन क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले क्वार्टर फाइनल में शारदा इलेवन चिरमिरी ने फुलपुर को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

वहीं दूसरे मुकाबले में केदारपुर और बिहारपुर के बीच निर्धारित समय तक कोई गोल नहीं हो सका। इसके बाद हुए टाईब्रेकर में केदारपुर ने जीत दर्ज कर अंतिम चार में जगह बनाई। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के छठे दिन खेले गए मुकाबलों में चिरमिरी एफसी ने अनूपपुर तथा मनेन्द्रगढ़ रेलवे ने बिहारपुर को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। मैच के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष चम्पा देवी पावले, भाजपा महामंत्री द्वारिका जायसवाल, राजकुमार बधावन, आयोजन समिति अध्यक्ष बब्लू शर्मा, कंचन पाल, रनविजय सिंह, पार्षद संजीत सिंह, मुकेश सिंह, राम मंडल, वहीद खान एवं अंजनी शर्मा का फुटबॉल संघ द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। राष्ट्रगान के बाद अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। मैच का आंखों देखा हाल संदीप ने सुनाया। पहले मुकाबले में रणधीर ठाकुर, शेखर पोलई एवं पूरन ने निर्णायक की भूमिका निभाई, जबकि दूसरे मुकाबले में सुनील कुमार, चंदन और संदीप नायक रेफरी रहे। प्रतियोगिता का संचालन चन्ना राव, रणधीर ठाकुर, पप्पू कुमार, विजय विश्वकर्मा, सुनील कुमार, चंदन, निकिता थापा, ▶▶ शेष पेज 4 पर



## चोर ले उड़े नकदी सहित ढाई लाख से अधिक के मोबाइल

**अम्बिकापुर।** ग्राम सलका साढ़ामार स्थित किराए के मकान में संचालित मोबाइल दुकान के पीछे के दीवार में सेंध लगाकर चोरों ने दुकान से नकदी सहित लगभग ढाई लाख से अधिक कीमत का मोबाइल व अन्य सामान चोरी कर ले गए। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार प्रेम नगर अंतर्गत ग्राम सलका साढामार निवासी कृष्ण कुमार साहू आ. भैयालाल साहू (25 वर्ष) प्रेमनगर में किराए का मकान लेकर मोबाइल दुकान का संचालन करता है। हर रोज की भांति 17 जुलाई की रात दुकान बंद कर घर चला गया। दूसरे दिन सुबह दुकान खोला तो उसके होश उड़ गए। दुकान में सामान बिखरे हुए थे जबकि दुकान के पीछे दीवार में सेंध लगा हुआ था। दुकान संचालक ने जब दुकान में रखे सामान का मिलान किया तो पता चला की दो सीसीटीवी कैमरा, एलईडी टीवी, काउंटर में रखे 20 हजार सहित लगभग 2 लाख 86 हजार 550 रुपए के मोबाइल गायब थे। घटना की रिपोर्ट दुकान संचालक ने थाने में दर्ज कराई।

# संभाग स्तरीय शतरंज स्पर्धा में बैकुंठपुर का दबदबा

■ विभिन्न आयु वर्गों में जीते कई पदक

**बैकुंठापुर।** अंबिकापुर में आयोजित जीएच रायसोनी मेमोरियल संभाग स्तरीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता में बैकुण्ठपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आयु वर्गों में कई पदक अपने नाम किए।

प्रतियोगिता में अंडर-9 बालिका वर्ग में अंशा फातिमा, अंडर-11 बालिका वर्ग में याशिका, अंडर-15 बालिका वर्ग में फरहीन तथा अंडर-19 बालक वर्ग में अभिनंदन बड़ेरिया ने प्रथम स्थान हासिल कर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में कोरिया जिले के खिलाड़ियों का प्रदर्शन के तहत अंडर-7 बालक वर्ग में शिवाय यादव तृतीय और ऋषभ खाखा चतुर्थ, अंडर-7 बालिका वर्ग में आयत परवेज द्वितीय तथा पिहू सूर्यवंशी तृतीय, अंडर-9 बालक वर्ग में अहर्य अग्रवाल द्वितीय, अंडर-9 बालिका वर्ग में अंशा फातिमा प्रथम और आयत परवीन द्वितीय, अंडर-11 बालिका वर्ग में याशिका प्रथम तथा आरफीन तृतीय, अंडर-13 बालक वर्ग में अभिनव साहू चतुर्थ, अंडर-15 बालक वर्ग में कास कुमार द्वितीय, अंडर-15 बालिका वर्ग में फरहीन प्रथम और वेदिका शर्मा तृतीय तथा अंडर-19 बालक वर्ग में अभिनंदन बड़ेरिया प्रथम स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ये खिलाड़ी आगामी 18 अक्टूबर को आयोजित राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों को जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सहित आशीष गुप्ता, आनंद तिवारी, मनोज पांडेय, संवर्त कुमार रूप, रोशन पाठक, राशिद्ध राशिद, सगुफ्ता खानम, अंजुम, राजीव जायसवाल, योगेश गुप्ता एवं अब्दुल शमीम ने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।




### दिनभर राहगीर और छात्राएं होते रहे परेशान

# लगातार दूसरे दिन भी संजयनगर मार्ग पर जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

लगातार कई दिनों से हो रही बारिश के कारण शहर के संजयनगर मुख्य मार्ग पर दूसरे दिन मंगलवार को भी जलभराव और तेज बहाव की स्थिति बनी रही। सड़क पर दिनभर बरसाती पानी बहने से दूसरे दिन भी राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

रविवार-सोमवार रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद पेट्रोल पंप से लेकर बुलेट शोरूम के समीप तक सड़क पर नदी-नाले जैसी स्थिति बन गई। वहीं छिंदडांड क्षेत्र में भी लगातार जलभराव रहने से आवागमन प्रभावित रहा। सबसे अधिक परेशानी पैदल चलने वालों को हुई, जबकि दोपहिया वाहन चालकों को भी जलभराव के बीच जोखिम उठाकर गुजरना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे बरसाती पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण खेतों का पानी ओड़गी नाका के आगे पेट्रोल पंप के पास से होकर सीधे सड़क पर आ रहा है। इसका असर पेट्रोल पंप के पीछे संचालित आदिवासी पोस्ट मैट्रिक छात्रावास पर भी पड़ा, जहां मुख्य प्रवेश द्वार के सामने लगातार पानी बहने से छात्राओं को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



मंगलवार को मुख्य मार्ग पर बह रहा पानी।

### अच्छी बारिश से खेतों में लौटी रौनक

दूसरी ओर, जिले में लगातार हो रही अच्छी बारिश किसानों के लिए राहत लेकर आई है। कुछ दिन पहले तक बारिश थमने से खेती पिछड़ने की आशंका से किसान चिंतित थे, लेकिन अब पर्याप्त वर्षा होने से सूखे की आशंका पूरी तरह खत्म हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में धान की रोपाई का कार्य तेजी से चल रहा है और खेतों में फिर से रौनक लौट आई है। किसान पूरे उत्साह के साथ खेती-किसानी के कार्य में जुटे हुए हैं।



# बालिकाओं को साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

**मनेन्द्रगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भारत सरकार की महत्वाकांक्षी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोंगापानी में ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम के प्रथम सत्र का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक बनाना, ऑनलाइन सुरक्षा के उपायों की जानकारी देना तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सजग करना था। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संतन देवी जांगड़े के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह के सहयोग से संपन्न हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) की जिला मिशन समन्वयक तारा कुशवाहा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के सी. राकेश शर्मा, रवि शर्मा एवं जितेंद्र कुमार ने बालिकाओं को साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर बुलिंग तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी।



# पांच महीने बाद चुपके से अरिजीत ने किया कमबैक

**मुंबई।** बॉलीवुड की कुछ चुनिंदा आवाजे ऐसी हैं जिन्हें सुनने के लिए फैन्स हमेशा बेसब्री से इंतजार करते हैं। लेकिन, जैसे ही उन्होंने इंडस्ट्री को अलविदा कहा, फ़ैन्स की उम्मीदें डूबने लगीं। अब एक प्लेबैक सिंगर ने चुपके से अपना रिटायरमेंट प्लान कैंसिल कर दिया है और करीब 5 महीने बाद बॉलीवुड में वापसी की है। सिंगर अरिजीत का यह कमबैक फैंन्स को सरप्राइज करने के साथ-साथ खुश भी करने वाला है। अरिजीत सिंह ने 27 जनवरी को अपने रिटायरमेंट की घोषणा की थी। खबरों के मुताबिक, यह मशहूर सिंगर इमरान हाशमी की आने वाली फिल्म 'आवारापन 2' के लिए प्लेबैक सिंगिंग में लौट आए हैं।

## लाइफ Style

# ऐश्वर्या

## पहली बार पूर्वोत्तर की सुंदरी को खिताब


एजेंसी ▶▶ मुंबई

जयपुर में आयोजित मिस टीन दिवा 2026 के फिनाले में मेघालय की ऐश्वर्या मलंग को 'मिस टीन अर्थ इंडिया 2026' का ताज पहनाया गया है। यह पहली बार है कि पूर्वोत्तर की सुंदरी को खिताब दिया गया है। 'मिस टीन अर्थ इंडिया 2026' का ताज मेघालय की ऐश्वर्या मलंग के सिर सजा है।

ऐश्वर्या मलंग यह प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाली नॉर्थ ईस्ट से पहली प्रतिभागी हैं। बता दें कि मिस टीन दिवा 2026 का ग्रैंड फिनाले जयपुर में आयोजित हुआ था। इस जीत के साथ ऐश्वर्या 'मिस टीन अर्थ' के इंटरनेशनल स्टेज पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। ऐश्वर्या के अलावा स्निग्धा भुयान मिस टीन ग्रैंड इंडिया 2026 और प्रासुसी मिस टीन यूनिवर्स इंडिया 2026 बनी हैं। मिस टीन अर्थ इंडिया 2026 विनर ऐश्वर्या मलंग का कहना है, 'मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, क्योंकि मैं हमेशा से मेघालय को रिप्रेजेंट करना चाहती थी'। उन्होंने आगे कहा, 'मैं बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। मैं लोगों से बस यही कहूंगी, अगर आप कुछ करना चाहते हैं तो इसके लिए आगे बढें। कोई आपको नहीं रोक सकता। जो अच्छा लगे, वह करो'। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, 'मिस टीन अर्थ इंडिया 2026' की विजेता ऐश्वर्या मलंग ने कहा है, 'मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, क्योंकि मैं हमेशा से नेशनल लेवल पर मेघालय को रिप्रेजेंट करना चाहती थी और अब जब मैं जीत गई हूं, तो मुझे बहुत खुशी हो रही है। मुझे कई उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा, क्योंकि मुझे दो बार नीट की परीक्षा देनी थी।




## हॉलीवुड मसाला



# टॉम की डिगर का नया वीडियो जारी

**लॉस एंजिल्स।** टॉम क्रूज की अपकमिंग फिल्म 'डिगर' के मेकर्स ने एक नया प्रमोशनल वीडियो जारी किया है। इसमें एक्टर अपने किरदार डिगर रॉकवेल के रूप में नजर आ रहे हैं। यह वीडियो न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी स्टेडियम में फीफा वर्ल्ड कप 2026 के क्लोजिंग सेरेमनी में क्रूज के शामिल होने से पहले आया है। शेयर किए गए इस वीडियो में क्रूज डिगर रॉकवेल के रूप में दिखते हैं और फुटबॉल के कुछ सबसे बड़े नामों जैसे पेले, डिएगो माराडोना, क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी का जिक्र करते हुए एक पैगाम देते हैं।




# स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे 30 को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** दुनिया भर के स्पाइडर-मैन फैंस के लिए खुशखबरी है। टॉम हॉलैंड की अगली फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' 30 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होने जा रही है। डायरेक्टर डेस्टिन डेनियल क्रेटन की ये फिल्म पीटर पार्कर की जिंदगी में एक ब्रांड न्यू चैप्टर ला रही है। दुनिया पीटर को भूल चुकी है, लेकिन वह अकेले न्यूयॉर्क की सड़कों पर स्पाइडर-मैन बनकर अपराध से लड़ रहा है। नया दुश्मन भी सामने आ चुका है। स्पाइडर-मैन मारवल का वो सुपरहीरो है जिसकी दीवानगी दुनिया भर में है। फिल्म में टॉम हॉलैंड पीटर पार्कर/स्पाइडर-मैन की भूमिका में वापसी कर रहे हैं। जेंडाया एमजे के रूप में नजर आएंगी। जैकब बटालोन नेड लीड्स बनेंगे. सैडी सिंक (स्ट्रेंजर थिंग्स) की भूमिका को लेकर काफी चर्चा है।



# मां अनुराधा की विरासत संभाल रहीं कविता

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की सुरम्य आवाजों और मशहूर भजन गायिका अनुराधा पौडवाल की विरासत को आगे बढ़ा रहीं उनकी बेटी कविता पौडवाल इन दिनों अपनी एक नई पहल से काफी चर्चा में हैं। अपनी मां के दिखाए रास्ते पर चलते हुए कविता भक्ति संगीत की दुनिया में एक बड़ा नाम बन चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में कविता ने अपने निजी जीवन के दुखद दौर, मां से मिली सीख, और युवाओं के लिए उनके खास प्रोजेक्ट्स पर खुलकर बात की। कविता पौडवाल इन दिनों भारत समेत कई देशों में कीर्तन क्लबिंग के जरिए युवाओं को भारतीय संस्कृति और अध्यात्म से जोड़ रही हैं। इस कॉन्सर्ट फॉर्मेट को दुनिया भर में शानदार रिस्पांस मिल रहा है। कविता ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ना चाहती है।



# प्रकाश की जनादेश को लेकर उत्साहित

**मुंबई।** तुषार कपूर अपनी आने वाली नई फिल्म 'जनादेश' को लेकर काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म की खास बात यह है कि तुषार पहली बार मशहूर निर्देशक प्रकाश झा के साथ काम कर रहे हैं। तुषार के करियर की यह पहली पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म है। हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में अपने 25 साल पूरे होने पर तुषार कपूर ने अपनी नई फिल्म 'जनादेश' के बारे में खुलकर बात की। तुषार ने कहा, 'फिल्म 'जनादेश' देश के राजनीतिक माहौल पर बनी एक गंभीर और गहरा असर छोड़ने वाली कहानी है।' तुषार ने आगे कहा, 'हालांकि, यह फिल्म आज के समाज का आईना है। प्रकाश झा जैसे बेहतरीन डायरेक्टर के साथ काम करना और ऐसा दिलचस्प किरदार निभाना मेरे लिए बिल्कुल नया और अनोखा अनुभव है।' फिल्म 'जनादेश' के निर्देशक प्रकाश झा हैं।

## टीवी मसाला




# सलमान से लेकर गांगुली तक ये सितारे होंगे बिग बॉस के होस्ट

**नई दिल्ली।** कई वर्षों से शो 'बिग बॉस' हिंदी दर्शकों का पसंदीदा रहा है। इसे अक्सर बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने होस्ट करते रहे हैं। अब इसके नए सीजन की घोषणा हुई है। सलमान खान 'बिग बॉस 20' के होस्ट के तौर पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। यह रियलिटी शो भारत भर में अपने छठे सीजन के लिए तैयार हो रहा है। सलमान के साथ होस्ट की लिस्ट में विजय सेतुपति (तमिल), नागार्जुन (तेलुगु), किच्चा सुदीपा (कन्नड़) और मोहनलाल (मलयालम) शामिल हैं। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली बांग्ला सीजन के होस्ट के तौर पर डेब्यू करेंगे। पहली बार 'बिग बॉस' के हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बांग्ला सीजन एक साथ सितंबर में शुरू होंगे। इस खास मौके पर जियो स्टार ने 'इंडियाज बिग रियलिटी' नाम की एक कॉफी-टेबल बुक लॉन्च की है। यह किताब पिछले दो दशकों में इस रियलिटी शो के सफर और इसके कल्चरल असर को दिखाती है। 2025 में यह शो 500 मिलियन से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचा। इसने 438 बिलियन से ज्यादा व्यूइंग मिनट्स हासिल किए। अपने छह भाषाओं के सीजन में दर्शकों की भागीदारी में साल-दर-साल 47 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की। इस कामयाबी पर बयान देते हुए टीवी एंटरटेनमेंट सेल्स के हेड महेश शेट्टी ने कहा 'पिछले दो दशकों में, बिग बॉस ने लगातार खुद को नए सिरे से पेश किया है। यह फेस्टिव सीजन हमारे लिए अब तक का सबसे बड़ा मील का पत्थर है। यह शो का अब तक का सबसे बड़ा सेलिब्रेशन बन गया है।' 'बिग बॉस' के छह सीजन सितंबर 2026 से जियो स्टार टेलीविजन नेटवर्क पर शुरू होंगे।

## लॉकअप 2 में किसिंग पर हुई कंट्रोवर्सी!

**नई दिल्ली।** शो 'लॉकअप' का दूसरा सीजन चल रहा है। इसमें खूब ड्रामा और लड़ाई-झगड़े देखने को मिल रहे हैं। हालिया एपिसोड में श्रेया कालरा का गुस्सा राम कपूर पर फूटा है। अभिनेता के बार-बार किस करने पर वे बुरी तरह झल्ला गई हैं। दरअसल, 'लॉकअप 2' में राम कपूर ने श्रेया कालरा को किस किया था। इससे श्रेया काफी असहज हो गई थीं। हालांकि, उस वक्त उन्होंने कुछ कहा नहीं था। मगर, अब हाल ही में उन्होंने सवाल उठाया है। 'लॉकअप 2' में बीते हफ्ते देखने को मिला था कि राम कपूर और श्रेया कालरा ने साथ में गेम खेला। इस दौरान श्रेया बतौर कंट्रोलर खेलीं। वहीं, राम कपूर उनके डिपेंडेंट बने। इस दौरान राम को एविक्शन से बचाने के लिए टास्क में श्रेया जीतीं। टास्क जीतने के बाद राम कपूर इतने उत्साहित हो गए कि उन्होंने श्रेया को किस किया। एक्टर ने श्रेया को माथे पर और गाल पर कई बार किस की, जिससे श्रेया काफी असहज हो गई थीं।



# पायलें चुनमुन... गाने वाली इस सिंगर के नाम हैं छह नेशनल अवॉर्ड, बेटी की मौत ने दिया था सदमा

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के म्यूजिक को आगे ले जाने में महिला सिंगर्स की अहम भूमिका रही है। जब भी टॉप सिंगर्स का जिक्र होता है तो लता मंगेशकर, आशा भोसले, गीता दत्त, सुमन कल्याणपुरी, अल्का याग्निक, अनुराधा पौडवाल का नाम सबसे ऊपर आता है। लेकिन एक ऐसी भी सिंगर हुई हैं जिन्होंने हिंदी फिल्मों के लिए गाना गाने से पहले ही अपने नाम 3 नेशनल अवॉर्ड किए हुए थे। बाद में इन नेशनल अवॉर्ड की संख्या 3 से बढ़कर 6 हो गई। इस महिला सिंगर का नाम है केएस चित्रा।*



### डेब्यू से पहले नेशनल अवॉर्ड जीत चुकी थीं

केएस चित्रा सालों से गायिकी कर रही हैं। हिंदी फिल्मों में अपने सिंगिंग डेब्यू से पहले साउथ फिल्मों में गाना गाने के लिए उन्होंने 3 नेशनल अवॉर्ड अपने नाम कर लिए थे। 1985 में उन्हें हिंदी फिल्मों में मौका मिला, लेकिन बड़ी पहचान नहीं। लेकिन फिर फिल्म लव में गाए उनके एक गाने ने हिंदी ऑडियंस को भी उनका फैन बना दिया।

***अनिल और तब्बू ने निभाया लीड रोल*** : विरासत में अनिल कपूर और तब्बू ने लीड रोल निभाया था। गाना 'पायलें चुनमुन चुनमुन' तब्बू पर फिल्माया गया जो जबरदस्त हिट हुआ। फिल्म में गाना बिना किसी म्यूजिक के शुरू होता है और ऐसा लगता है जैसे सिंगर चित्रा की आवाज गानों में घुल गई है। चित्रा की ही आवाज में फिल्म क्रिमिनल का गाना 'तुम मिले दिल खिले'भी खूब हिट हुआ था।

### इन गानों ने हिंदी फिल्मों में दिलाई पहचान

1991 में सलमान खान और रेवती की फिल्म लव आई थी। इस फिल्म में एक गाना था 'साथिया तूने क्या किया'। ये गाना सलमान के लिए एसपी बालासुब्रमण्यम ने गाया था और रेवती की आवाज बनीं थीं चित्रा। इसके बाद फिल्म रोजा में सिंगर ने एआर रहमान के बने संगीत में गाना गया 'ये हसीं वादियां' गाया। इसके बाद फिल्म बॉम्बे का गाना 'कहना ही क्या' और 1997 में आई फिल्म विरासत के गाने 'पायलें चुनमुन चुनमुन' के लिए चित्रा ने अपने जीवन का चौथा और पांचवा नेशनल अवॉर्ड जीता।

**बेटी की हुई मौत** : सिंगर चित्रा की जिंदगी में सब कुछ ठीक चल रहा था। फिर कुछ ऐसा हुआ जब उनकी दुनिया ही बदल गई। चित्रा की इकलौती बेटी की एक हादसे में मौत हो गई। साल 2011 की बात है, जब चित्रा अपने परिवार के साथ दुबई के एक होटल में रुकी हुई थीं। उस समय सिंगर एआर रहमान के कॉन्सर्ट में परफॉर्म करने के लिए दुबई पहुंची थीं। इस दौरान होटल के स्विमिंग पुल में डूबने की वजह से उनकी 8 साल की बेटी नंदना का निधन हो गया था। इस सदमे ने सिंगर को अंदर तक तोड़ दिया था, लेकिन संगीत ने उन्हें हिम्मत दी और वो वापसी कर पाई।

# छत्रपति शिवाजी महाराज में दिखेगा हॉलीवुड लेवल का एक्शन

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता संदीप सिंह अपनी आने वाली बड़ी ऐतिहासिक फिल्म 'द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज' को बड़े स्तर पर बनाने की तैयारी कर रहे हैं। फिल्म में अभिनेता ऋषभ शेट्टी छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाते नजर आएंगे. अब इस फिल्म को और खास बनाने के लिए निर्माताओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की एक्शन टीम को शामिल किया है, जो फिल्म के युद्ध और एक्शन दृश्यों को शानदार बनाने पर काम करेगी. फिल्म के लिए मशहूर स्टंटमैन मार्क हेंसन को बुलाया गया है, जो गेम ऑफ थ्रोन्स, वाइकिंग्स, द विचर और ग्रेविटी जैसे चर्चित अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए जाने जाते हैं।

***हॉलीवुड स्टंटमैन*** : मार्क हेंसन फिल्म में बड़े स्तर के वॉर सीन्स को तैयार करने की जिम्मेदारी संभालेंगे। मार्क हेंसन के अलावा इस स्टंट टीम में व्लाद रिमबर्ग भी शामिल हैं, जिन्होंने द फेट ऑफ द फ्यूरियस, ब्लडशॉट और लूसिफर जैसे प्रोजेक्ट्स में काम किया है। वहीं, इस टीम को और मजबूत बनाते हुए क्रेग मैकरे भी जुड़े हैं, जिनका अंतरराष्ट्रीय अनुभव 'ट्रॉयः फॉल ऑफ अ सिटी' जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स तक फैला हुआ है।



### 500 करोड़ का बजट

निर्माताओं की ओर से जारी बयान के अनुसार, फिल्म का मकसद मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज के साहस, नेतृत्व क्षमता और सैन्य कौशल को बड़े पर्दे पर भव्य रूप में पेश करना है। फिल्म को इस तरह बनाने की तैयारी है कि यह भारत के साथ-साथ दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंच सके.'द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज' को करीब 500 करोड़ रुपए के बड़े बजट में बनाया जा रहा है।

## मुसाफिर कैफे से आदर्श बाल विद्यालय तक...

# इस वीक ओटीटी पर रहेगी बहार, रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इन दिनों सिनेमाघरों में धमाल 4 से लेकर वेलकम टू द जंगल और हॉलीवुड फिल्म द ओडिसी लगी हैं। वहीं, इस हफ्ते द इंडिया स्टोरी से लेकर दुल्हनिया ले आएगी तक नई फिल्में भी थिएटर्स में रिलीज होंगी। इस बीच ओटीटी पर भी इस वीक कई अच्छे विकल्प मौजूद होंगे।*

### मुसाफिर कैफे

विक्रांत मैसी, वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना की 'मुसाफिर कैफे' इस वीक ओटीटी पर दस्तक देगी। यह सीरीज चंदर (विक्रांत मैसी) और सुधा (वेदिका पिंटो) और प्रीति (महिमा मकवाना) के इर्द-गिर्द है। यह रोमांटिक सीरीज 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। 'मुसाफिर कैफे' दिव्य प्रकाश दुबे के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है।

### आदर्श बाल विद्यालय

हिमांक गौर के निर्देशन में बनी कॉमेडी-ड्रामा सीरीज 'आदर्श बाल विद्यालय' भी इस वीक की लिस्ट में हैं। यह सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाली है। सीरीज में केके मेनन, अर्चना पूरन सिंह, नवीन कस्तूरिया, प्रसन्ना बिष्ट, देवेन भोजानी, अजितेश गुप्ता, अन्नपूर्णा सोनी, प्राची शाह और अभिमन्यु सिंह नजर आएंगे। सात एपिसोड वाली सीरीज 24 जुलाई से भारत और दुनिया भर में हिंदी भाषा और अंग्रेजी सबटाइटल के साथ स्ट्रीम होगी।




### पल्लीचट्टंबी

टोविनो थॉमस और कायाडू लोहार की मलयालम भाषा की पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म पल्लीचट्टंबी भी ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। यह 15 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 24 जुलाई से इसे सोनी लिव पर स्ट्रीम किया जाएगा।

### ब्लीच-थाउजेंड-ईयर ब्लड वॉर

यह सीरीज 25 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस शो की पूरी कहानी सोल रीपर्स और क्विंसी साम्राज्य की आपसी दुश्मनी के इर्द-गिर्द घूमती है।

### स्टुअर्ट फेल्स टू सेव द यूनिवर्स

स्टुअर्ट फेल्स टू सेव द यूनिवर्स भी 24 जुलाई से ओटीटी पर आ रही है। यह द बिग बैंग थ्योरी के स्पिन-ऑफ के रूप में बनी साइंस-फिक्शन कॉमेडी सीरीज है, जिसके 10 एपिसोड्स हैं। इसमें स्टुअर्ट ब्लूम (केविन सुसमन) को एक बहु-ब्रह्मांडीय संकट से दुनिया को बचाना है। यह जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

### रैनसम कैन्यन सीजन 2

यह रोमांटिक वेस्टर्न ड्रामा सीरीज है। सीरीज का यह दूसरा सीजन है, जिसमें आठ एपिसोड होंगे। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर 23 जुलाई से स्ट्रीम होगी।

**द डेट कलेक्टर** : नादेच कुगिमिया और दाओ पिट्टाया साएचुअ की मुख्य भूमिका वाली थाई फिल्म 'द डेट कलेक्टर' भी इस वीक आएगी। यह ऐसे शख्स की कहानी है, जो पहले अंडरग्राउंड डेट कलेक्टर था और अब लाइलाज बीमारी से जूझ रहा है। यह एक्शन फिल्म 23 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर आएगी।

### 72 आवर्स

यह एक अमेरिकी कॉमेडी फिल्म है। इसका निर्देशन टिम स्टोरी ने किया है। इसमें केविन हार्ट लीड रोल में हैं। उनके अलावा मार्सेलो हर्नांडेज, मेसन गुडिंग, कैम पैटरसन, बेन मार्शल सहित कई और सितारे भी हैं। यह फिल्म 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

### द डिंक

यह एक स्पोर्ट्स कॉमेडी फिल्म है, जो पिकलबॉल खेल पर बेस्ड है। इसमें एक असफल टेनिस खिलाड़ी (जेक जॉनसन) अपने पिता के कंट्री क्लब को बचाने और उनका सम्मान पाने के लिए इच्छा न होने पर भी पिकलबॉल खेलता है। यह फिल्म 24 जुलाई से ओटीटी प्लेटफॉर्म एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप



### जीआरए इंटरनेशनल स्कूल में मंत्री ने किया पौधरोपण

**लखनपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में सोमवार को जीआरए इंटरनेशनल स्कूल लखनपुर में वृहद पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल, रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष बाबूलाल गोयल शामिल हुए और स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन और स्कूल प्रबंधन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की जिला इकाई द्वारा किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष अजीत अग्रवाल एवं महामंत्री कृष्ण कुमार गर्ग द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया। आभार प्रदर्शन स्कूल के प्राचार्य ने किया। इस दौरान अरविंद सिंघानिया, श्रीनिवास केडिया, राम प्रताप अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, हरविंद अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल, कृष्ण कुमार, मुकेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, अमित अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, दिनेश गोयल, नितिन अग्रवाल, प्रमोद सहित अन्य मौजूद थे।

### सेंट जेवियर्स स्कूल में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण



**राजपुर।** सेंट जेवियर्स स्कूल एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाना तथा प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के ईको क्लब एवं स्वच्छ भारत समिति के संयुक्त तत्वावधान में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित प्रेरणादायक एवं मनमोहक नाटक प्रस्तुत किया। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य सिलास टोप्पो ने विद्यार्थियों को पेड़ों के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि मां और प्रकृति दोनों ही जीवन का आधार हैं। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लेने की बात कही। विद्यार्थियों ने एक पेड़ माँ के नाम के नारों के साथ अपनी माताओं और मातृभूमि के प्रति समर्पण व्यक्त करते हुए विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान जेवियर हाउस, लोयोला हाउस, कोस्तका हाउस और गोंजागा हाउस के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य सिलास टोप्पो, कोषाध्यक्ष आदेश लकड़ा, उपप्राचार्य अमोल कुमार, प्रधान पाठिका प्रभा टोप्पो, अजय कुजूर, अंजेला मिंज, नीलम एक्का, जगत सिंह, अर्चना खाखा, खुशबू चौबे सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### छात्रों के समर्थन में घड़ी चौक पर किया विरोध प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही की मांग लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में घड़ी चौक पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बार-बार होने वाले पेपर लीक से लाखों मेहनती विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। देश के प्रत्येक छात्र को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित परीक्षा व्यवस्था का अधिकार है। प्रदर्शनकारियों ने परीक्ष प्रणाली में हुई चूक की निष्पक्ष जांच, दोषियों एवं संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने तथा उनपर सख्त कार्रवाई करने एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पेपरलीक की घटनाओं से छात्रों में मानसिक तनाव और निराशा बढ़ रही है ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने, दोषियों को कड़ी सजा दिलाने तथा छात्रों का शिक्षा व्यवस्था पर विश्वास बहाल करने के लिए ठोस कदम उठाने का आह्वान किया। इस दौरान कौशल्या सिंह, हाफिज खान, सुधीर तिवारी, अनन्त सिन्हा, रघुनाथ प्रधान, प्रवीण सिंह, संतोष राणा, प्रीतपाल सिंह, चरणप्रीत सिंह आदि उपस्थित थे।

## चेकपोस्ट के रास्ते बाइक से अवैध चिरान का परिवहन

# टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बढ़ी लकड़ी तस्करों की सक्रियता, बेखौफ कर रहे तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

बरसात शुरू होने के साथ ही गुरूघासी दास टाइगर रिजर्व के महुली परिक्षेत्र में लकड़ी तस्करों की सक्रियता बढ़ गई है। लकड़ी तस्करी की रोकथाम के लिए सीमा पर लगाए गए चेकपोस्ट मकरादुआरी के रास्ते ही तस्कर बेखौफ होकर बाइक से साल सिल्ली की नियमित तस्करी कर रहे हैं।

**खास बात**
- अवैध कटाई एवं परिवहन रोकने नहीं हो रही पहल

लम्बे अर्से से चल रही लकड़ी तस्करी की जानकारी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को भी है इसके बावजूद अधिकारी तस्करी रोकने की पहल नहीं कर रहे हैं। कभी घने जंगलों एवं हिंसक वन्य जीवों के लिए विख्यात दूरस्थ चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के जंगल तेजी से वीरान हो रहे हैं। अवैध अतिक्रमण एवं बेखौफ चल रही अवैध कटाई से सामान्य जंगलों का क्षेत्र तेजी से सिमट रहा है वहीं गुरूघासी दास टाइगर रिजर्व अंतर्गत महुली परिक्षेत्र में भी अवैध कटाई जोरों पर है। गुरूघासीदास नेशनल पार्क के टाइगर रिजर्व घोषित होने के बाद पेड़ों की अवैध कटाई पर रोक लगने की उम्मीद जताई जा रही थी लेकिन टाइगर रिजर्व घोषित होने के बाद तस्करों की सक्रियता अधिक बढ़ गई है। मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिला की सीमा से सटा होने के कारण तस्कर भोर होते ही सक्रिय हो जाते हैं तथा बाइक पर जंगल में टांगी से तैयार चौखट का धड़ल्ले से अवैध परिवहन कर रहे हैं। लकड़ी तस्करी को सीमावर्ती सिंगरौली जिले के साथ ही दर्जनों स्थानीय ग्रामीणों एवं दलालों ने अपना स्थायी रोजगार बना लिया है। टाइगर रिजर्व में निवासरत ग्रामीण पेड़ों को काटकर जंगल में ही टांगी से चौखट तैयार करते हैं तथा दलाल ग्रामीणों द्वारा तैयार चौखट तस्करों को मुख्य मार्ग पर उपलब्ध कराते हैं जहां से तस्कर बाइक के सहारे मकरादुआरी बैरियर के रास्ते सिंगरौली तक परिवहन करते हैं। लकड़ी तस्करी बढ़ने के पीछे बैरियर पर वर्षों से स्थानीय प्रभारी एवं चौकीदारों की तैनाती को माना जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बैरियर पर तैनात प्रभारी एवं चौकीदार की तस्करों से सांठगांठ कर तस्करों को बढ़ावा दे रहे हैं।



मकरा दुआरी चेक पोस्ट के पास अवैध चिरान लोड तस्करों की बाइक।

### हर खेप में 14 हजार की कमाई

ग्रामीणों के अनुसार 10 वर्ष पूर्व तक कोई भी पार्क क्षेत्र में घुसने की हिम्मत नहीं करता था न ही पेड़ों की अवैध कटाई होती थी। सीमावर्ती सिंगरौली एवं यूपी में इमारती लकड़ी की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि होने के बाद तस्कर ग्रामीणों की मदद से साल व बीजा चिरान की तस्करी करने लगे। अधिक कमाई होने के कारण तस्करों की संख्या लगातार बढ़ते गई। अब एक सौ से अधिक युवा, ग्रामीण एवं दलाल सिंडिकेट बनाकर योजनाबद्ध तरीके से टाइगर रिजर्व के महुली जंगल से धड़ल्ले से चिरान की तस्करी कर रहे हैं। तस्करों के आगे पीछे बाइक सवार चलते हैं तथा आने-जाने वाले वाहनों सहित अन्य खतरों से आगाह करते रहते हैं। तस्कर विपरीत स्थिति निर्मित होने पर अधिकारियों से जूझने के लिए भी तैयार रहते हैं।

### इन रास्तों से लकड़ी तस्करी

ग्रामीण ग्राम कोल्हुआ, महुली, खोहिर, बैजनपाट, लुल्ह, मुण्डा, रामगढ़, उमझर के जंगल में टांगी से साल की एवं रसौकी जंगल में बीजा की 3 इंच मोटी व 9 इंच चौड़ी तथा 7 फीट लंबी सिल्ली तैयार करते हैं। तस्कर बैजनपाट के रास्ते मकरादुआरी चेकपोस्ट के रास्ते बाइक से सिंगरौली ले जाते हैं। बिचौलिए मकरादुआरी चेक पोस्ट पार कर चिरान पहुंचाते है। बैजनपाट से ग्रामीण कंधे पर ढोकर जंगल के रास्ते सीमावर्ती ग्राम धारी मुडी तक पहुंचाते है तथा तस्कर मौजूद रहते है। अवैध चिरान की तस्करी खैरा रोड, बलंगी चौपता घाट के रास्ते यूपी तक की जा रही है। तस्कर मध्य जून से मध्य मार्ग तक पूरी सक्रियता से लकड़ी तस्करी करते हैं। लकड़ी तस्करी रोकने शीघ्र कारगर पहल नहीं हुई तो भविष्य में तस्कर विभाग के लिए बड़ी समस्या बन सकते है।

### कराई जाएगी जांच

आपके माध्यम से अवैध लकड़ी तस्करी की सूचना मिली है। मामले की जांच कराई जाएगी तथा दोषी कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

-सौरभ सिंह ठाकुर
अधीक्षक, गुरू घासीदास टाइगर रिजर्व



## बलरामपुर-राजपुर मुख्य मार्ग पर एक घंटे तक लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर-राजपुर मुख्य मार्ग पर सोमवार सुबह करीब 7 बजे महान नदी के पास निर्माणाधीन सड़क में लंबा जाम लग गया। जाम के चलते सड़क के दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को करीब एक घंटे तक परेशानी का सामना करना पड़ा।

- जेसीबी से रास्ता दुरुस्त होने के बाद यातायात बहाल

जानकारी के अनुसार अंबिकापुर-रामानुजगंज राष्ट्रीय मार्ग पर सड़क निर्माण जारी है। इसी दौरान राजपुर और बलरामपुर के बीच महान नदी के समीप ठेकेदार द्वारा सड़क पर मिट्टी डालकर छोड़ देने तथा लगातार वाहनों की आवाजाही से यह मिट्टी ऊंचे ढलान का रूप ले चुकी थी, जिससे सड़क बेहद फिसलन भरी हो गई। स्थिति ऐसी बन गई कि भारी और लोडेड वाहन इस ढलान पर चढ़ नहीं पा रहे थे। एक वाहन के फंसते ही पीछे वाहनों की लंबी कतार लग गई और देखते ही देखते दोनों ओर यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। सूचना मिलने पर निर्माण एजेंसी ने दो जेसीबी मशीन मौके पर भेजी। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद जेसीबी की सहायता से सड़क पर जमा मिट्टी को समतल कर मार्ग को आवागमन के लिए सुरक्षित बनाया गया। इसके बाद धीरे-धीरे वाहनों की आवाजाही सामान्य हो सकी। जाम की सूचना मिलते ही पस्ता पुलिस और राजपुर पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने यातायात व्यवस्था संभालते हुए एक-एक कर वाहनों को निकाला, जिससे यातायात सुचारू रूप से बहाल हो सका।

## शिक्षा विभाग में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई : 92 संलग्न शिक्षक-कर्मियों को उनके मूल पद पर लौटने के जारी हुए निर्देश

**बिश्रामपुर।** जिला शिक्षा विभाग ने लंबे समय से मूल पदस्थापना के स्थान पर अन्य संस्थाओं और कार्यालयों में संलग्न होकर कार्य कर रहे शिक्षकों एवं कर्मचारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी, सूरजपुर ने 92 शिक्षक-कर्मियों की सूची जारी कर उन्हें तत्काल प्रभाव से अपने मूल पदस्थ संस्थान में कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

20 जुलाई को जारी आदेश में 92 शिक्षकों और कर्मचारियों के नाम शामिल किए गए हैं, जो विभिन्न कारणों से मूल पदस्थापना से हटकर अन्य कार्यालयों अथवा संस्थाओं में कार्यरत थे। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी संबंधित कर्मचारी अपने मूल पदस्थ स्थान पर कार्यभार ग्रहण करें। आदेश के अंत में विशेष टिप्पणी भी की गई है कि सूची में शामिल नामों के अलावा यदि कोई अन्य अधिकारी या कर्मचारी भी अपने मूल संस्थान के बजाय कहीं और कार्य कर रहा है, तो उसे भी इस आदेश के तहत स्वतः कार्यमुक्त माना जाएगा और उसे अपने मूल पद पर लौटना होगा। जानकारी के अनुसार हाल ही में लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा स्कूल शिक्षा मंत्री की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में संलग्न शिक्षकों और कर्मचारियों को मूल पद पर वापस भेजने के आदेश जारी किए गए थे। इसी के तहत जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर ने यह कार्रवाई की है। शिक्षा विभाग के इस फैसले को विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और व्यवस्था को सुचारू बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। हालांकि जिले में चर्चा इस बात की भी है कि आदेश का वास्तविक रूप से कितना पालन होगा और क्या वर्षों से संलग्न व्यवस्था का लाभ ले रहे कर्मचारी वास्तव में अपने मूल पदस्थ स्थानों पर लौटेंगे या फिर नए रास्ते तलाशे जाएंगे। फिलहाल विभाग के इस आदेश के बाद शिक्षा महकमे में हलचल तेज हो गई है और संबंधित शिक्षक-कर्मियों की नजर आगामी प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई है।

## हेल्थ प्लस



## पर्यटन मंत्री अग्रवाल ने किया सोनोग्राफी सेंटर का उद्घाटन

**अंबिकापुर।** सोमवार को प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने दर्रीपारा स्थित अम्बिका सोनोग्राफी डाइलोस्टिक एवं इंटरवेंशन क्लिनिक का उदघाटन किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र से जुड़े सभी चिकित्सकों, प्रबंधन एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह केंद्र क्षेत्रवासियों को आधुनिक, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ होना किसी भी समाज के समग्र विकास का महत्वपूर्ण आधार है। आधुनिक तकनीकों से युक्त जांच सुविधाएं समय पर रोगों की पहचान और प्रभावी उपचार में अत्यंत सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने कहा मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह सोनोग्राफी केंद्र क्षेत्रवासियों को आधुनिक, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य जांच सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। मंत्री श्री अग्रवाल संस्थान के चिकित्सकों एवं समस्त स्टाफ से सेवा, संवेदनशीलता और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आग्रह करते हुए कहा कि चिकित्सा सेवा केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह केंद्र मरीजों का विश्वास जीतते हुए क्षेत्र में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं का नया मानक स्थापित करेगा। इस दौरान छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, युवा आयोग एक अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, अरुण कुमार, श्याम लाल जायसवाल, संस्थापक शिवलाल जायसवाल, संचालक परमानन्द तिवारी डॉ. तुषार आनंद, डॉ. अनीशा जायसवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## मालवीय मिशन लोक मंगल की भावना से कर रहा काम : मंजूषा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




महामना मालवीय मिशन द्वारा मिशन भवन में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी एवं एमआईसी सदस्य मनीष सिंह, पार्षद शैलेष सिंह, पूर्व पार्षद मनोज कंसारी एवं श्रीमती प्रियंका चौबे को शाल, श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

- महापौर सहित ननि के जनप्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित

उपस्थित अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने सामाजिक समरसता, राष्ट्र निर्माण लोकमंगल तथा आध्यात्मिक चेतना जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए। पं.मदन मोहन मालवीय के आदर्शों को जीवन में उतारने तथा राष्ट्र प्रथम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्यों से सभी को परिचित कराया एवं शहर के साथ ही प्रदेश की राजधानी रायपुर में हर सप्ताह नियमित गीता पाठ का संचालन होने की जानकारी दी। उन्होने कहा कि मिशन का नवीन भवन शासकीय सहयोग से निर्मित हुआ है। भवन निर्माण में नगर निगम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह सहयोग केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि समाज सेवा के प्रति संवेदनशील जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने भवन के बाहरी हिस्से में बरामदा एवं शौचालय निर्माण की मांग से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया।

महापौर श्रीमती मंजुषा भगत ने कहा कि मुझे पहली बार संस्था के मंच पर आने का अवसर मिला है। संस्था लोकमंगल की भावना से राष्ट्रहित में कार्य कर रही है। आज के समय में ऐसी संस्थाएं समाज के नैतिक एवं सांस्कृतिक आधार को सुदृढ़ करने का कार्य कर रही है। आज के समय में ऐसी संस्थाएं समाज के नैतिक एवं सांस्कृतिक आधार को सुदृढ़ करने का कार्य कर रही है। मालवीय मिशन के कार्यों का प्रभाव तत्काल दिखाई नहीं देता, लेकिन इसके परिणाम दीर्घकाल में समाज और राष्ट्र के चरित्र निर्माण के रूप में सामने आते है। सकारात्मक व्यक्तित्व निर्माण, परिवारों में संस्कारों का संवर्धन तथा सामाजिक चेतना जागृत करने में इस प्रकार की संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भगवत गीता का जीवन में अहम योगदान है। गीता का पाठ सभी को करना चाहिए। मैं स्वयं मिशन से से जुड़ना चाहूँगी और अधिक से अधिक लोगों को भी इससे जुड़ने के लिए प्रेरित करूंगी। संस्था के विकास एवं समाजपयोगी कार्यों के विस्तार के लिए नगर निगम की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने कहा कि पं.मदनमोहन मालवीय का जीवन भारतीय संस्कृति, नैतिकता, शिक्षा और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है। यदि किसी व्यक्ति को ईमानदार, कर्मठता, सेवा और आदर्श जीवन का मार्ग अपनाना है तो उसे मालवीय जी के जीवन-दर्शन का अध्ययन अवश्य करना चाहिए। मिशन से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के भीतर एक आदर्श समाज के निर्माण का संकल्प दिखाई देता है तथा नगर निगम सदैव निष्पक्ष भाव से संस्था के विकास में सहयोग करता रहेगा। निर्माण समिति के अध्यक्ष मनीष सिंह ने कहा कि संस्था के मार्गदर्शक एवं नागरिकों के सहयोग से अम्बिकापुर को स्वच्छ, सुंदर एवं संस्कारित नगर बनाने का लक्ष्य अवश्य पूरा होगा। संस्था के अध्यक्ष ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि विगत चौदह वर्षों से महामना मालवीय मिशन द्वारा बिना किसी निर्धारित बजट के समसामयिक विषयों पर वैचारिक विमर्श, आध्यात्मिक संवाद एवं सामाजिक जागरण के कार्यक्रम सतत आयोजित किए जा रहे है।

### ग्राम करंजी में पेड़ काटने पर पंचायत वसूलेगी पांच हजार रुपए जुर्माना

**बिश्रामपुर।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर ग्राम करंजी ने एक महत्वपूर्ण और सख्त निर्णय लिया है। रविवार को पंचायत भवन में आयोजित ग्राम सभा की बैठक में शासकीय भूमि पर लगे पेड़-पौधों की अवैध कटाई रोकने के लिए सर्वसम्मति से पंचनामा पारित किया गया।

ग्राम सभा में ग्रामीणों ने शिकायत की कि पंचायत क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा सरकारी भूमि पर लगे पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है। साथ ही बकरियों के चारे के लिए पेड़ों की डालियां (डंगाल) काटे जाने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं।


TOP IN KORIYA

GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742


## अजबनगर स्कूल में कंप्यूटर समेत 2 लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एनएच 43 किनारे स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजबनगर में बीती रात अज्ञात चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर लाखों रुपए के सामान चोरी कर लिए हैं। चोरी की सूचना पर जयनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटना स्थल पर डॉग स्क्वायड की मदद लेने के बाद भी कोई सुराग हाथ नहीं लग सकी है।

- जयनगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शुरू की जांच, अज्ञात के विरुद्ध अपराध दर्ज

स्कूल की प्राचार्य द्वारा जयनगर थाना में दिए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि 19 जुलाई की रात विद्यालय में ड्यूटी पर तैनात रात्रिकालीन चौकीदार मुखल राम यादव की रात करीब 10 बजे अचानक तबीयत खराब हो गई, जिसके कारण वह अपने घर चला गया था। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने विद्यालय परिसर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों द्वारा विद्यालय के कंप्यूटर कक्ष एवं अन्य कमरों का ताला तोड़कर एसर कंपनी का 1 मॉनिटर, 1 सीपीयू, 1 की-बोर्ड, 1 माउस, फेयर इंडिया कंपनी का 1 सीलिंग फैन, अहूजा कंपनी के लगभग 3 फीट ऊंचाई वाले 2 साउंड बॉक्स, रॉकलाइट कंपनी का रिचार्जेबल वायरलेस केरोके स्पीकर सिस्टम, जिसमें 2 वायरलेस माइक्रोफोन भी शामिल थे,उसे चोरी कर ले गए हैं।विद्यालय प्रबंधन के अनुसार चोरी हुए उपकरण शैक्षणिक गतिविधियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा विभिन्न सरकारी आयोजनों में उपयोग किए जाते थे। चोरी गए सामानों की कीमत करीब दो लाख रुपए आंकी जा रही है। प्राचार्य की लिखित सूचना पर जयनगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है।मामले में संभावित संदिग्धों की तलाश की जा रही है।




DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### 24 तक करें आईटीआई में ऑनलाइन प्रवेश आवेदन

**कटगोड़ी।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, नवा रायपुर अटल नगर के अंतर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 24 जुलाई 2026 की रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कटगोड़ी ने जानकारी दी है कि अभ्यर्थी निर्धारित वेबसाइड के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है तथा प्रवेश से संबंधित सभी दिशा-निर्देश एवं नियम वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका में दिए गए हैं।

### उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे बीएमओ लटका था ताला, नोटिस

**अम्बिकापुर।** जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में उप स्वास्थ्य केंद्र की हालत का अंदाजा इस तस्वीर से लगाया जा सकता है। दोपहर के पौने एक बजे अस्पताल में ताला लगा हुआ है और स्वास्थ्य कर्मी नदारत है। यह मामला जिले के लखनपुर विकासखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र जमगवां का है। अस्पताल के सभी स्वास्थ्य कर्मियों के नदारत रहने पर बीएमओ ने आरएचओ समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। बताया जा रहा है कि जिले के लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जमगवां उप स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लगातार बंद रहने की शिकायत मिल रही थी। शिकायत के बाद सोमवार को दोपहर 12.48 बजे बीएमओ लखनपुर डॉ. ओपी प्रसाद उप स्वास्थ्य केंद्र के आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंचे। इस दौरान अस्पताल के बाहर मुख्य गेट पर दोपहर के समय ताला लटका हुआ था और स्वास्थ्यकर्मी नदारत थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आईसी मार्ट मामले ...

अनावश्यक परेशान नहीं करने की अपील की। विदित हो कि 19 जुलाई के आदिवासी समाज के रैली के दौरान भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने आईसी मार्ट पर पत्थर फेंके थे, हालांकि इस दौरान कोरिया पुलिस की तत्परता से स्थिति पर तुरंत नियंत्रण पा लिया गया था। इस घटना के बाद से आईसी मार्ट बंद है।

### रेल सुविधाओं ...

अतिरिक्त रेल सेवाएं उपलब्ध कराने में आखिर बाधा क्या है। रेलवे की प्राथमिकता केवल माल परिवहन तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यात्री सुविधाओं का विस्तार भी समान रूप से आवश्यक है। समय-समय पर जनप्रतिनिधियों ने रेल मंत्री और रेलवे बोर्ड के समक्ष इन मांगों को उठाया है, लेकिन अब तक इसका ठोस परिणाम सामने नहीं आया। क्षेत्र के लोगों की अपेक्षा है कि चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस को प्रतिदिन संचालित किया जाए, चिरमिरी-बिलासपुर ट्रेन का विस्तार नागपुर तक किया जाए तथा उत्तर छग के इस महत्वपूर्ण रेलखंड को नई ट्रेनों और बेहतर सुविधओं से जोड़ा जाए। अब सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि देश को ऊर्जा देने वाले इस अंचल की रेल उपेक्षा आखिर कब समाप्त होगी।

### अंतरजिला रात्रिकालीन ...

नागेश्वर राव, चंद्रशेखर पोलई और संदीप पटेल कर रहे हैं। मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के फाइनल में विजेता टीम को 21 हजार रुपये, उपविजेता टीम को 15 हजार रुपये नगद पुरस्कार के साथ अन्य आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में नेशनल रेफरी अनिल कचेर, कंचन पाल, शिव कुमार, सुनील कुमार, देवानंद, अब्दुल सत्तार, शिव प्रसाद एवं जीसान अहमद सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### 25 को सभी समितियों में लगेगा एग्रीस्टेक शिविर

# राजस्व प्रकरणों की जवाबदेही एसडीएम-तहसीलदारों पर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर




जिले में सुशासन को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनदर्शन और अन्य जनशिकायतों के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का केवल औपचारिक नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण, संतोषजनक और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा आवेदक को समाधान की जानकारी भी अनिवार्य रूप से दी जाए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने विभागवार समीक्षा करते हुए लंबित राजस्व प्रकरणों पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इन मामलों के शीघ्र निराकरण की सीधी जवाबदेही संबंधित एसडीएम और तहसीलदारों की होगी तथा अनावश्यक लंबित प्रकरणों पर जवाबदेही तय की जाएगी। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने 25 जुलाई को जिले की सभी प्राथमिक कृषि साख समितियों में एग्रीस्टेक पंजीयन शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व, कृषि और संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिले की सड़कों और चौक-चौराहों पर विचरण कर रहे मवेशियों की समस्या पर भी गंभीर चर्चा हुई। कलेक्टर ने नगर निकाय, पंचायत, पशुपालन, राजस्व और पुलिस विभाग को संयुक्त अभियान चलाकर मवेशियों को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि इस कार्य में कोताही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। शासकीय विभागों के लंबित बिजली बिलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि शासन पर अनावश्यक वित्तीय भार न बढ़े। कलेक्टर ने आगामी स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशानुरूप तैयारी में जुट जाए साथ ही जिन विभागो को जिम्मेदारी दी गई है, वह शत प्रतिशत कार्य करें। बता दें इस वर्ष भी जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय आदर्श रामानुज स्कूल के मिनी स्टेडियम में की जाएगी। बैठक में नव पदस्थ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास, एडीएम सुरेन्द्र वैद्य, अपर कलेक्टर डीडी मण्डावी सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# वार्डों में बदहाल व्यवस्थाओं पर कांग्रेस का हल्ला बोल

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



नगरपालिका परिषद शिवपुर-चरचा क्षेत्र में लगातार बढ़ रही मूलभूत समस्याओं को लेकर सोमवार को कांग्रेस ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष लालमुनि यादव के नेतृत्व में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा से मुलाकात कर नगर की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग करते हुए विस्तृत जानकारी दी। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जनसमस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस परिवार आम जनता के साथ मिलकर चरणबद्ध आंदोलन करेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर के मुख्य मार्गों सहित कई वार्डों में स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बंद पड़ी हुई हैं।

रात के समय अंधेरा रहने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता और दुर्घटनाओं के साथ-साथ असामाजिक तत्वों की गतिविधियों का भी खतरा बना रहता है। कांग्रेस ने सभी बंद स्ट्रीट लाइटों को तत्काल चालू कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने नगर की सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकांश वार्डों में नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी और जलभराव की स्थिति बनी हुई है। बरसात के मौसम में इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है, इसलिए सभी नालियों की व्यवस्थित सफाई कराने तथा नियमित रूप से ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव सुनिश्चित करने की मांग की गई। नेता प्रतिपक्ष ने नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों महात्मा गांधी चौक, राजीव गांधी चौक, महंत जी पार्क, अटल जी पार्क सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर लगी बंद लाइटों को तत्काल चालू कराने की भी मांग की गई, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण मिल सके और शाम के समय पार्कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती यादव के साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हेमसागर यादव, सोहेल अहमद, सत्यनारायण मोदी, जागृत कुर्रे, विक्रांत सिंह, सोनू श्रीवास्तव, पंकज मिश्रा, भूपेन्द्र यादव, प्रीति किंडो, विजेन्द्र कुमार, धर्मवीर यादव, जितेन्द्र यादव, मोहम्मद सलीम अंसारी, एजाज गुड्डू, रामाधार, सोनू सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीजी कॉलेज में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कलेक्टर रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार शासकीय रामानुज स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. एम.सी. हिमधर के संरक्षण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारियों जयश्री प्रजापति तथा अनुरंजन कुजूर के संयोजन में महाविद्यालय सभागार में आयोजित हुआ। इसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला में शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज बैकुण्ठपुर के सहायक नोडल अधिकारी विवेक एक्का, मनोज कुमार एवं रमेश खाखा ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पंजीयन के बाद चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न कंपनियों में इंटर्नशिप के साथ रोजगार का अवसर मिलेगा। योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों को ज्वाइनिंग पर 6 हजार रुपये तथा प्रतिमाह 9 हजार रुपये का मानदेय दिया जाएगा। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर संबंधित कंपनियों में स्थायी प्लेसमेंट की संभावना भी रहेगी तथा प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा। कार्यशाला के दौरान पीपीटी के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन की पूरी प्रक्रिया समझाई गई और विद्यार्थियों का मौके पर ही पंजीयन कराया गया। साथ ही अन्य छात्र-छात्राओं को भी योजना से जुड़कर कौशल विकास एवं रोजगार के अवसरों का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्य डॉ. एम.सी. हिमधर ने कहा कि पढ़ाई पूरी करने के बाद समय का सदुपयोग करते हुए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करना युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। उन्होंने योजना की उपयोगिता और रोजगारपरक महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सहायक नोडल अधिकारी एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनुरंजन कुजूर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भूपेन्द्र सिंह एवं राजकुमार राजवाड़े का विशेष योगदान रहा।

# जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा का संकल्प

### वी क्लब ऑफ इंडिया ने बांटी शैक्षणिक सामग्री

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



श्यदि समाज का प्रत्येक सक्षम व्यक्ति केवल एक जरूरतमंद बच्चे की शिक्षा की जिम्मेदारी उठा ले, तो कोई भी बच्चा अशिक्षित नहीं रहेगा। शिक्षा ही वह माध्यम है, जो बच्चों के भविष्य को नई दिशा और समाज को नई पहचान देती है।श् यह बात द एसोसिएशन वी क्लब ऑफ इंडिया, मनेन्द्रगढ़ समर्पण की पूर्व अध्यक्ष एवं डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन बबीता अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक-11 स्थित काली मंदिर परिसर में आयोजित सेवा एवं शिक्षा सहयोग कार्यक्रम के दौरान कही। कार्यक्रम का आयोजन वार्ड क्रमांक-11 के पार्षद मुकेश अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर जरूरतमंद बच्चों को किताबें, कॉपियां, स्कूल बैग और बिस्कुट वितरित किए गए। साथ ही बबीता अग्रवाल ने एक बच्चे की पूरे वर्ष की शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं का खर्च वहन करने की जिम्मेदारी भी ली। कार्यक्रम में बच्चों के साथ उनकी माताएं भी उपस्थित रहीं। उन्होंने भावुक होकर कहा कि इस सहयोग से उनके बच्चों को बेहतर विद्यालय में पढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बबीता अग्रवाल एवं क्लब के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के सपने साकार हो सकते हैं। क्लब की अध्यक्ष बेबी मखीजा ने भी बच्चों को टिफिन बॉक्स और पानी की बोतलें वितरित कीं। उन्होंने कहा कि बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने से बड़ा कोई कार्य नहीं है। भविष्य में भी क्लब की ओर से इस प्रकार के सामाजिक और शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि जरूरतमंद परिवारों को निरंतर सहयोग मिल सके। क्लब की निधि अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की सबसे मजबूत नींव है। ऐसे बच्चों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी केवल शासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की भी है। यदि प्रत्येक परिवार या सक्षम नागरिक एक-एक बच्चे का सहयोग करने का संकल्प ले, तो नगर का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा और सभी बच्चों को आगे बढ़ने का समान अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान सेवा और सामाजिक सरोकार की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

# सरगुजा पुलिस व साइबर सेल ने लौटाए 129 नग मोबाइल फोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- लोगों को दी गई साइबर क्राइम और राहवीर योजना की जानकारी

सरगुजा पुलिस व साइबर सेल द्वारा चलाए गए अभियान के तहत एक बार फिर से गुम हुए मोबाइल फोन उनके असल मालिकों को लौटाए गए। कार्यक्रम के दौरान एसएसपी सरगुजा ने 129 नग मोबाइल फोन उनके लोगों के सुपुर्द किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान उन्हें साइबर क्राइम, राहवीर योजना सहित अन्य जानकारियां प्रदान की गई। बता दें कि सरगुजा जिले में एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस व साइबर सेल की टीम द्वारा गुम हुए मोबाइल फोन कों खोजकर असल मालिकों कों पुनः वापस पहुंचाने अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों के नेतृत्व मे साइबर सेल एवं जिले के समस्त थाना-चौकी पुलिस टीम द्वारा सर्विलांस तकनीक की मदद से पिछले 5 महीने मे कुल 129 गुम मोबाइल फोन कुल कीमती लगभग 31 लाख रुपये का मशरुका वापस बरामद किया गया और मोबाइल धारको को सौपा गया। इससे पूर्व सरगुजा पुलिस द्वारा फरवरी माह में 525 नग गुमे हुए मोबाइल वापस को बरामद कर मोबाइल धारको को वापस सौपा गया था। मोबाइल असल मालिकों को वापस लौटाने हेतु पुलिस टीम की तकनीकी दक्षता, समन्वय और सतत प्रयासों की आमजनो द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई। कार्यक्रम के दौरान एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल ने मोबाइल धारको को कहा कि कई मोबाइल धारको को मोबाइल गुमने के पश्चात वापस मिलने की उम्मीद नहीं होती है, लेकिन पुलिस टीम के सामूहिक प्रयास से आपको आपका गुमा हुआ मोबाइल वापस खोजकर दिलाया गया है। मोबाइल धारक अपने मोबाइल संभाल कर रखे, स्वयं सचेत रहे एवं दुसरो को भी सचेत करें, मोबाइल में हर किसी कि कई गोपनीय जानकारी एवं महत्वपूर्ण जानकारी रहती है, जो मोबाइल गुमने पर उस जानकारियों का गलत एवं मनमाना तरीके से उपयोग कर साइबर ठगी जैसी घटनाये कारित की जाती है, इस दौरान डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा द्वारा पुलिस की वर्ड की जानकारी देकर लोगो को साइबर ठगी से बचने के तरीके एवं तत्काल की जाने वाली गतिविधि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

# प्रधानमंत्री आवास ने बदली फूलकुंवर की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर


प्रधानमंत्री आवास मिलने के पहले / प्रधानमंत्री आवास मिलने के बाद

जीवन के उत्तरार्ध में सबसे बड़ी जरूरत एक सुरक्षित और सम्मानजनक आशियाने की होती है। कोरिया जिले की ग्राम पंचायत जमगहना निवासी श्रीमती फूलकुंवर के लिए यह सपना अब हकीकत बन चुका है।

पति के निधन के बाद आर्थिक तंगी और असुरक्षा के बीच जीवन बिताने वाली फूलकुंवर आज प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत बने अपने पक्के घर में परिवार के साथ निश्चिंत और सम्मानपूर्ण जीवन जी रही हैं। खेती-किसानी पर आश्रित परिवार की सीमित आय के कारण वर्षों तक पक्का मकान बनाना उनके लिए असंभव था। पति के निधन के बाद जिम्मेदारियां और बढ़ गइं तथा वृद्धावस्था में वे पूरी तरह अपने बेटे-बहू पर निर्भर हो गइं। ऐसे कठिन समय में वर्ष 2024-25 में स्थानीय स्तर पर उन्हें जानकारी मिली की प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मिल चुकी है, तब मन में प्रधानमंत्री आवास योजना उनके जीवन में उम्मीद की किरण बनकर आई। योजना से मिली सहायता और परिवार के सहयोग से उनका पक्का मकान तैयार हुआ, जिसने उनकी जिंदगी में सुरक्षा और आत्मसम्मान दोनों लौटाए।

### पीसीसीएफ ने ली अधिकारियों की बैठक, पत्रकारों से की चर्चा में कहा- अच्छी तकनीक का करेंगे उपयोग

# हाथी-मानव द्वन्द्व रोकने कर रहे हर संभव कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



सोमवार को सरगुजा पहुंचे प्रदेश के पीसीसीएफ अरुण पाण्डेय मानव-हाथी द्वन्द रोकने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। हाथी नियंत्रण के लिए देशभर में जो भी अच्छी तकनीक है उसका उपयोग छत्तीसगढ़ में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाथियों की मौत चिंताजनक है। इसके साथ ही वन भूमि पर अतिक्रमण रोकने के लिए ज्यादा परभावि कार्य किया जाएगा इस संबंध में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए है।

पीसीसीएफ अरुण पाण्डेय पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। सरगुजा पहुंचे पीसीसीएफ ने वन विभाग के अधिकारियों की संभागीय बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को मानव हाथी द्वन्द रोकने, अवैध कटाई, अतिक्रमण सहित अन्य विषयों को लेकर निर्देश दिए। बैठक उपरान्त पत्रकारों से चर्चा करते हुए पीसीसीएफ श्री पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हाथी-मानव द्वंद में जनहानि का आंकड़ा चिंताजनक है। जन हानि को कम करने के लिए जो भी तकनीक देशभर में उपलब्ध है, उसे यहां लागू किया जाएगा। इसके लिए लगातार कई प्रयोग भी किए जा रहे हैं। वर्तमान में वर्तमान में हाथियों की निगरानी के लिए एप मौजूद है। इसके साथ ही हाथियों की निगरानी के लिए हाथी मित्र दल काम कर रहे हैं।

एप के माध्यम से हाथियों की मौजूदगी की पूर्व सूचना दी जाती है। हाथी मित्र दल लोगों को सावधान करते हैं। पांडेय ने कहा कि मैं स्वयं हाथी प्रभावित केरल गया था, जहां हाथियों की संख्या छत्तीसगढ़ से दोगुनी है लेकिन मौत के आंकड़े आधे से भी कम हैं। पीसीसीएफ श्री पाण्डेय ने हाथियों की मौतों को लेकर कहा कि हाथियों द्वारा किए गये फसल और धनहानि का मुआवजा दिया जाता है जिससे ज्यादा दिक्कत नहीं है। जनहानि हमारे लिए चिंता का विषय है और इसे कम करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाथियों की मौत भी चिंताजनक स्थिति में है और इसे कम करने के लिए क्या किया जा सकता है इसपर लगातार काम चल रहा है। इस दौरान सीसीएफ सरगुजा, डीएफओ सरगुजा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### लगा रहे है नए पेड़ भी

सरगुजा के हसदेव अरण्य क्षेत्र में नई कोयला खदानों के कारण की जा रही पेड़ों की कटाई के सवाल पर पीसीसीएफ श्री पाण्डेय ने कहा कि किसी भी इलाके में परिवर्तन का लंबा असर होता है। हम नए पेड़ भी लगा रहे हैं। उम्मीद करते हैं कि पर्यावरण या बायो डावर्सिटी पर कितना असर होगा, इसके लिए लंबा अध्ययन करना होता है। फिलहाल इसपर कुछ नहीं कह सकते। वहीं वन भूमि पर अतिक्रमण को लेकर उन्होंने कहा कि वनभूमि पर अतिक्रमण गंभीर समस्या है। हमारे जमीन की चोरी हो रही है। इसे रोकने के लिए आज भी अधिकारियों को बैठक में निर्देश दिया गया है। अधिकारियों को कहा गया है कि नियमित मानिटरिंग करें। एसईसीएल के अधिकारियों को भी आज बुलाया गया था, उन्हें भी निर्देश दिया गया है कि वनविभाग के साथ संयुक्त टीम बनाकर कोयला चोरी व अतिक्रमण रोकने के लिए काम करें। सामाजिक वानिकी में भी एसईसीएल पैसा लगाएगी। इसके लिए अब अनुमति मिल गई है, जो पहले नहीं थी।

